# प्रेस नोट दिनांक 12.03.2026

थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ ।

“प्रतापगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता : मोटरसाइकिल चोरी के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की 01 मोटरसाइकिल फर्जी नंबर प्लेट के साथ बरामद-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना आसपुर देवसरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही : मोटरसाइकिल चोरी के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद-

प्रतापगढ़।
दिनांक 09.03.2026 को वादी निवासी ग्राम कोटिया थाना कादीपुर जनपद सुल्तानपुर थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम धरौली स्थित अपने रिश्तेदार के घर आए थे। जहां उनके द्वारा अपनी मोटरसाइकिल घर के सामने खड़ी की गई थी, जिसे रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। इस संबंध में थाना आसपुर देवसरा पर मु0अ0सं0 47/26 धारा 303 (2)/319 (2)/318 (4)/317(2)/336 (3)/340 (2) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी आसपुर देवसरा श्री राकेश कुमार चौरसिया के नेतृत्व में थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 सचिन कुमार मय हमराह उ0नि0 शिवम त्रिपाठी, हे0का0 पवन नायक, का0 रंजीत कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 47/26 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित 02 अभियुक्तों, 01. आर्यन सरोज पुत्र राजबहादुर सरोज निवासी गद्दोपुर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष, 02. आलोक यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी रुपनपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 20 वर्ष को चोरी की 01 मोटरसाइकिल फर्जी नंबर प्लेट के साथ थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत विझाला नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।

अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की चोरी की 01 मोटरसाइकिल फर्जी नंबर प्लेट के साथ बरामद की गई हैं। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय अभियोग में धारा 319 (2)/318(4)/317(2)/336(3)/340 (2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई है।

पूछताछ का विवरण-
अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 09.03.2026 की रात्रि को धरौली गाँव से हम दोनो ने मिलकर बरामद मोटरसाइकिल को चोरी किया था तथा एकान्त में इसका चेचिश नम्बर रगडकर मिटा

दिये है। किसी तरह फर्जी कागजात बनवाकर एवं फर्जी चेचिश नम्बर बनाकर बेचने की फिराक मे थे कि पकड लिए गये । मोटरसाइकिल पर अंकित रजिस्ट्रेशन नम्बर UP62CD8113 फर्जी है। जिसे हम दोनों ने अपनी मर्जी से ही लिख दिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-
01. आर्यन सरोज पुत्र राजबहादुर सरोज निवासी गद्दोपुर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष।
02. आलोक यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी रुपनपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 20 वर्ष ।

बरामदगी-
चोरी की 01 मोटरसाइकिल फर्जी नंबर प्लेट के साथ बरामद ।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 सचिन कुमार मय हमराह उ0नि0 शिवम त्रिपाठी, हे0का0 पवन नायक, का0 रंजीत कुमार थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ ।

जनपद प्रतापगढ़।

गंभीर अपराधों में संलिप्त 01 वांछित/फरार अभियुक्त पर इनाम घोषित-
पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए 01 वांछित/ फरार अभियुक्त अफसर पर ₹25,000/- की पुरस्कार राशि घोषित की गई-

प्रतापगढ़।
दिनांक 02.03.2026 को थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़ क्षेत्रान्तर्गत वादी के भाई को गांव के पास खड़ंजा मार्ग तिराहे पर पुरानी रंजिश के चलते आरोपीगण द्वारा गोली मार दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उपचार के दौरान चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में थाना मान्धाता पर मु0अ0सं0 23/26 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस बनाम 03 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

जनपद प्रतापगढ़ में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा वांछित/फरार अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए 01 वांछित/ फरार अभियुक्त अफसर पुत्र स्व0

जलील नि0 रामनगर, हलईया का बाग थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ पर ₹25,000/- की पुरस्कार राशि घोषित की गई है।

थाना मान्धाता से संबंधित अभियोग-
थाना मान्धाता पर पंजीकृत मु0अ0सं0 23/2026 धारा 103(1),3(5) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त पर ₹25,000/- की पुरस्कार राशि घोषित की गई है—
01. अफसर पुत्र स्व0 जलील नि0 रामनगर, हलईया का बाग थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़।

ईनाम घोषित वांछित अभियुक्त अफसर पुत्र स्व0 जलील नि0 रामनगर, हलईया का बाग थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ का अपराधिक इतिहास-
01. मु0अ0सं0 146/14 धारा 147/452/394/328/504/506 भादवि थाना मानधाता, जनपद प्रतापगढ़।
02. मु0अ0सं0 25/20 धारा 498ए/323/504/506 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट व 3/4 मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम थाना मानधाता, जनपद प्रतापगढ़।
03. मु0अ0सं0 23/2026 धारा 103(1)/3(5)/61(2)(a) बीएनएस थाना मानधाता, जनपद प्रतापगढ़।

उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी/सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा तथा नियमानुसार घोषित पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

प्रतापगढ़ पुलिस जनपदवासियों की सुरक्षा हेतु सतत रूप से प्रतिबद्ध है।

थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़।

थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 रोहित सिंह मय हमराह का0 मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा देखभाल क्षेत्र/ चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति व वाहन तलाश वांछित, वारंटी / प्रार्थना पत्र की जांच के दौरान वाद सं0 292/18 अ0सं0 748/2016 धारा 363 भादवि. व 3(1) 10 एससी एसटी एक्ट थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित अभियुक्त वारण्टी बलवीर सिंह पुत्र जवाहर सिंह नि० ढेहरना थाना को० देहात जनपद प्रतापगढ उम्र 28 वर्ष को मोहनगंज तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. बलवीर सिंह पुत्र जवाहर सिंह नि० ढेहरना थाना को० देहात जनपद प्रतापगढ उम्र 28 वर्ष।

पुलिस टीम-

उ0नि0 रोहित सिंह मय हमराह का0 मनीष कुमार पाण्डेय थाना कोतवाली देहात, जनपद प्रतापगढ़।

थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना लालगंज पुलिस द्वारा "अपहरण" के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त आजाद पटेल उर्फ विनय पटेल को गिरफ्तार किया गया-

थाना लालगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त को थाना क्षेत्रान्तर्गत चुर्री चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया-

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री आशुतोष मिश्रा के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी लालगंज श्री आलोक कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 बनवारीलाल पाल मय हमराह का0 राहुल यादव, का0 आलोक कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना मु0अ0सं0 342/2025 धारा 137 (2)/87 बीएनएस थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 01अभियुक्त विकास पटेल उर्फ अमन पुत्र हरिकेश कुमार वर्मा उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम गोसाई का पुरवा अमावा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्रान्तर्गत चुर्री चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01. विकास पटेल उर्फ अमन पुत्र हरिकेश कुमार वर्मा उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम गोसाई का पुरवा अमावा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम-

उ0नि0 बनवारीलाल पाल मय हमराह का0 राहुल यादव, का0 आलोक कुमार थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़।